आरोप | शासकीय उचित मूल्य की दुकान धरी नं. 2 में अनाज चोरी का मामला

# संदिग्ध अवस्था में 172 बोरी अनाज हो गया गायब

**शहडोल, नवभारत।** जिले के सीमावर्तीथाना देवलौंद अंतर्गत धरी नंबर 2 के शासकीय उचित मुल्य की दुकान से दिनांक 08 नवंबर 2025 के दरम्यानी रात भारी मात्रा मे अनाज की चोरी हो गयी है। अज्ञात चोरो ने दुकान का गेट तोड़ कर 117 बोरी गेंहू और 55 बोरी चावल कुल 172 बोरी अनाज की चोरी कर ली गयी है।

हांलाकि कुछ ग्रामीणों द्वारा मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 8 नवंबर के एक दिन पूर्व खाद्यान उतरा था और उसे 8 नवंबर को शाम तक वितरित किया गया है किन्तु जब दूसरे दिन सुबह सेल्समैन दुकान पंहुचा तो देखा कि गेट का ताला टूटा था और जब अंदर जाकर देखा तो पता चला कि



वहाँ रखा अनाज लगभग 172 बोरी गायब था जिसकी सूचना थाना देवलौंद में दी गयी है। यह दुकान जनकपुर अंतर्गत आती है।

### 6 माह पूर्व जनकपुर दुकान से 290 बोरी अनाज हुआ था चोरी

ज्ञात हो कि ठीक इसी प्रकार 6 माह पूर्व जनकपुर के शासकीय उचित मुल्य की दुकान से 160 बोरी गेंहू और 130 बोरी चावल की चोरी हुई थी जिसका आज तक खुलासा नहीं हो पाया है।

### ग्रामीणों ने जताई मिली-भगत की आशंका

गौरतलब है कि उक्त दोनों दुकान का मैनेजर एक है दोनों जगह एक जैसे ही चोरी हुई है। ग्रामीणों की माने तो इतनी बड़ी मात्रा में अनाज की चोरी बिना मिली भगत के संभव नहीं है। चोरी मे उचित मूल्य के दुकान के कर्मचारियों की मिली भगत की शंका ग्रामीणों द्वारा जतायी जा रही है। हांलाकि इस बात की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पंहुच कर जांच शुरू कर दी है। जांच पर यह बात सामने आयी है कि इतनी बड़ी मात्रा मे अनाज को ले जाने के लिये कोई भारी वाहन की आवश्यकता पड़ी होगी और उसे लोड करने के लिये दो चार लोग भी लगे होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि मामला कुछ संदिग्ध है। राशन दुकान चलाने वाले संचालक भी पुलिस जांच के घेरे में है।

**इनका कहना है**

जनकपुर वाले में अभी खुलासा नहीं हुआ है। कुछ जांच रिपोर्ट आ गयी है। शीघ्र उसका खुलासा होगा। दोनों का मैनेजर एक है। पहले वहाँ चोरी हुई और अब यहाँ हो गयी है। दोनों जगह चोरी एक समान ही हुई है। मामला कुछ संदिग्ध है जांच की जा रही है।

**शुभाष द्विवेदी**
**थाना प्रभारी, देवलौंद**

# ग्रामीण बोले सीईओ हो तो गोहपारू जैसा

▶ ग्राम पंचायत लेदरा में सीसी रोड निर्माण का मामला

**गोहपारू, नवभारत।** गोहपारू जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लेदरा का हमारे द्वारा सीसी रोड निर्माण में गुणवत्तावहीन काम करने का खबर प्रकाशित किया गया था। जिस खबर पर जनपद पंचायत सीईओ सुधीर दिनकर ने एक्शन लेते हुए मामले पर तुरंत स्वयं जाकर मौका मुआयना किया एवं सरपंच सचिवों को निर्देशित दिए थे की उसी पैसा से सीसी रोड का रिपेयरिंग कराया जाए।

निरीक्षण पश्चात उन्होंने रिपेयरिंग नहीं करने पर सरपंच सचिव के ऊपर विधिवत कार्यवाही करने की बात कही थी वहीं ग्राम पंचायत लेदरा के ग्रामीणों ने सीईओ सुधीर दिनकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सीईओ हो तो ऐसा जो खबर प्रकाशित होने के बाद खुद मौका






स्थल पर जाकर निरीक्षद कर सत्यता का पता लगाया गया। एवं मौके पर ही निराकरण करने को आदेश दिया गया।

हम सब ग्रामीण सीईओ साहब का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं, वहीं नवभारत अखबार के पत्रकार विकास द्विवेदी के द्वारा लगातार कई दिनों से लगातार खबर प्रकाशित की गई थी जिस खबर पर सीईओ साहब खुद एक्शन लेते हुए मौका स्थिति देखें एवं एवं निराकरण करने को आदेश दिए जिसके लिए उन्हें भी ग्रामीणों ने साधुवाद दिया। हम आपको बता दें कि ऐसे सीईओ कभी नहीं आए हैं ना ही कभी आएंगे सीईओ हो तो सुधीर दिनकर साहब जैसा जो तत्काल खबर प्रकाशित होते ही एक्शन लेते हैं सीईओ साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद एव सब ग्रामीणों ने की सीईओ साहब एव पत्रकार का तारीफ की है।

# दुकान के गल्ले से 15 हजार की लूट व मारपीट के सभी आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** दिनांक 02.11.25 को फरियादी उमेश कुमार गौतम निवासी जोरा, थाना ब्यौहारी, शहडोल द्वारा थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी चाय-नाश्ते की दुकान में प्रभात पटेल, हैप्पी दूबे, आशीष साकेत एवं उदय पाण्डेय पहुँचे।

सामान लेने के बाद पैसा न देने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला किया, कट्टा जैसी वस्तु दिखाकर डराया, मारपीट की तथा दुकान के गल्ले से लगभग 15,000 रुपये लूट लिए। रिपोर्ट पर थाना ब्यौहारी में सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर उक्त आरोपियों की पतासाजी पर लग गई। उक्त शिकायत पर ब्यौहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी 1- प्रभात पटेल पिता कीर्ति प्रसाद पटेल उम्र 17 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 भोगिया व्यवहारी थाना व्यवहारी जिला शहडोल, 2- हैप्पी दुबे पिता राकेश दुबे उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 9 न्यू बरौंधा ब्यौहारी, 3- उदय पांडे पिता नारायण पांडे उम्र 21 वर्ष निवासी साइन मंदिर के पास आधार ताल थाना आधार ताल जिला जबलपुर को गिरफ्तार कर आज दिनांक 09.11.25 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से 5,050 बरामद किये गये है। उक्त घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पता-तलाश ब्यौहारी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# होटलों-ढाबों, चाय-नास्ते की दुकानों पर धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

▶ कई दुकानदारों के पास नहीं है कमर्शियल कनेक्शन

**शहडोल, नवभारत।** इन दिनों ब्योहारी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के प्राय: सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग बिना किसी रोक-टोक के किया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां ब्योहारी सहित आसपास के क्षेत्र को मिलाकर लगभग ऐंसी सैंकड़ो होटलें, चाय नास्ता की दुकाने संचालित हैं जिनमें घरेलू गैस का उपयोग निर्बाध रूप से किया जा रहा है जहां अधिकांश दुकानदारों के पास कमर्शियल गैस कनेक्शन नहीं है। यदि स्थानीय खाद्य विभाग इसकी जांच करे तो 90 प्रतिशत ऐसी दुकानें घरेलू गैस का उपयोग करते मिलेंगे।



### खाद विभाग के अधिकारी जांच करने में कर रहे परहेज

खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा होटलों और अन्य दुकानों मे जांच करने से परहेज कर रहे है इसी वजह से होटलों, चाय नास्ता के साथ ही ढाबो और बड़ी होटलों के संचालक धड़ल्ले से खुलेआम घरेलू गैस का उपयोग कर रहे है जबकी नियमानुसार14 किलो वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए एवं 19 किलो वाला सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग के लिये बनाया गया है। लेकिन ऐसा कुछ ही दुकानदार करतें है। कार्यवाही न होने की वजह से घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है।

कुछ दुकानदारों ने बताया कि कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत अधिक होने के कारण होटल वाले और चाय नास्ता की दुकान वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं। देखा जाये तो वर्तमान में 19 किलो का व्यवसायिक गैस सिलेंडर 1860 रूपए का मिल रहा है। वहीं 14 किलो का घरेलू गैस सिलेंडर 877 रूपए में मिल रहा है जिस वजह से होटलों-ढाबों, चाय-नाश्ते की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग खुलेआम धड़ल्ले से किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो कुछ दुकानदार अधिक कुछ रूपए देकर आसानी से घरेलू गैस सिलेंडर ले रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि अधिकांश उज्वला उपभोक्ता एजेंसी से गैस नहीं उठाते हैं और उन्हीं के कार्डों पर गैस होटल और चाय नाश्ते की दकानों को उपलब्ध करा दिया जाता है। कछ होटल और चाय नाश्ते की दुकान वाले दिखावे के लिए 19 किलो वाला सिलेंडर दुकान के आगे रख देते हैं और उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर का करते हैं। अक्सर चैराहो की होटलो एवं बड़े-बड़े ढाबों में घरेलू गैस का उपयोग करतें नजर आते है। यह सब गैस एजेंसीवालों की मिली भगत के संभव नहीं है। लोगो ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानो मे दुकानदारों द्वारा किये जा रहे घरेलू सिलेंडरो का उपयोग नियम विरुद्ध बताते हुए खाद्य विभाग से अभियान चला कर कार्यवाही की मांग की है।

# लम्पी वायरस से बचाव के लिए पशुओं का कराएं टीकाकरण

▶ लम्पी स्किन डिसीज़ से बचाव एवं रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**शहडोल।** पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव एवं रोगग्रस्त पशुओं के उपचार के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। इस रोग से बचाव के लिए पशुओं को प्रतिबंधात्मक टीका अवश्य लगवाएं। पशुपालक अपने पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालयञ्चपशु चिकित्सालय से तत्काल संपर्क कर बीमार पशुओं का उपचार कराएं। स्वस्थ पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें।

स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण कराएं। पशु रखने के स्थान की



सफाई रखें एवं पशुओं के शरीर पर परजीवी जैसे किल्ली, मक्खी, मच्छर आदि को नियंत्रित करने के उपाय करें।

पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस की चुनौती से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए टीकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा टीकाकरण नि:शुल्क किया जा रहा है एवं पशु पालकों को रोग से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है।

### पशुओं में होने वाली यह एक वायरस जनित बीमारी है

लम्पी पशुओं में होने वाली एक वायरस जनित बीमारी है, जो कि संक्रामक होती है। यह बीमारी मुख्यत: गौ-वंशीय पशुओं में वर्षा के दिनों में फैलती है। इस रोग की शुरूआत में हल्का बुखार दो से तीन दिन के लिये रहता है, उसके बाद पूरे शरीर की चमड़ी में गठानें निकल आती हैं। ये गठानें गोल उभरी हुई आकृति की होती हैं। इस बीमारी के लक्षण मुंह, गले, श्वास नली तक फैल जाते हैं, साथ ही पैरो में सूजन, दुग्ध उत्पादकता में कमी, गर्भपात, बांझपन और कभी-कभी मृत्यु भी हो जाती है। यह रोग मच्छर, काटने वाली मक्खी एवं किल्ली आदि से एक पशु से दूसरे पशुओं में फैलती है। अधिकतर संक्रमित पशु 2-3 सप्ताह में ठीक हो जाते है, किन्तु दूध की उत्पादकता में कमी कुछ समय बनी रह सकती है।

### बना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम

पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं निगरानी हेतु भोपाल में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 0755-2767583 है। कोई भी पशुपालक इस पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। संचालनालय स्तर से जिलों के समस्त अधिकारियों को रोग के प्रति सजग रहने एवं केन्द्र सरकार की गाइड लाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों के लिये होगा ओलंपियाड

**शहडोल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिये केन्द्र सरकार के निर्देश पर सरकारी स्कूल के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिये गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के सेकेण्डरी एजुकेशन विंग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं।




### सांत्वना समेत 10 विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

ओलंपियाड में प्रत्येक विषय में 5 विद्यार्थी चयनित होंगे। गणित और विज्ञान मिलाकर कुल 10 विद्यार्थियों का चयन होगा। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रूपये, द्वितीय 31 हजार और तृतीय के लिये 21 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। दो सांत्वना पुरस्कार 11-11 हजार रूपये के होंगे।

### प्रथम परीक्षा विकासखंड एवं द्वितीय होगी संभाग स्तरीय

ओलंपियाड परीक्षाएं विकासखंड और संभागीय मुख्यालयों पर होगी। विद्यार्थी गणित या विज्ञान किसी एक विषय में अथवा दोनों विषय में भाग ले सकता है। प्रथम परीक्षा का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर किया जायेगा। द्वितीय परीक्षा संभागीय स्तर पर आयोजित होगी। ओलंपियाड में भाग लेने विद्यार्थी की प्रविष्टि विद्यालय के प्राचार्य द्वारा 10 नवम्बर 2025 तक विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य द्वारा की जायेगी। प्रतियोगिता से संबंधित सभी जानकारी सरकारी स्कूलों के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों को भेजी गई है।

# पांडव कालीन सीतामढ़ी में विराजे हैं प्राकृतिक भगवान शंकर

**गोहपारू।** शहडोल जिले से करीब 30किलोमीटर दूर गोहपारू ब्लॉक के अंतर गत ग्राम कठौतिया पंचायत मझौली में स्थित भगवान भोले नाथ का मंदिर अदभुद एवं अकल्पनीय है जिसे देखते ही मन रोमांचित हो जाता है।

मंदिर में स्थापित बाबा भोलेनाथ की शिवलिंग बिल्कुल प्राकृतिक और अद्भुत है ।मंदिर गुफा के रूप में है जिसके अंदर चार स्तंभ बने हुए है जो जहां महादेव का शिवलिंग है वह अलग से कमरा है ।मंदिर के बारे में कठौतिया निवासी अजय कुमार तिवारी जी ने बताया जो कि पेशे से शिक्षक हैं इनका कहना है की मंदिर की जो स्थापत्य कला है पूरी पांडव




कालीन की तरह लगता है क्योंकि मंदिर जो की गुफा के रूप में है एक ही पत्थर से बना है और शिवलिंग भी बनी हुई है ।पांडव कालीन मंदिरों की यह प्रमुख विशेषता है की मंदिर एवं शिवलिंग एक ही पत्थर के बने हैं जो की सीता मढ़ी मंदिर में विशेषता बनी हुई है ।अजय तिवारी का कहना है एवं सरकार से मांग हैं की पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग मंदिर का सर्वेक्षण करें एवं मंदिर को संरक्षित किया जाए क्योंकि भविष्य में ऐसे ऐतिहासिक स्थल देखने को नहीं मिलेंगे ।

# लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए होगा लेखा प्रशिक्षण

**कटनी।** जबलपुर संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण के नवीन सत्र के लिए शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। यह प्रशिक्षण सत्र 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 15 फरवरी 2026 तक चलेगा। जबलपुर संभाग के अंतर्गत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो अनिवार्य अर्हता पूरी करते हों, नियमित सेवा अवधि का एक वर्ष पूरा कर लिए हों, 21 नवंबर 2025 शाम 5 बजे तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर, सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड जाकर आवेदन कर सकते हैं।




# विधिक सेवा सप्ताह का मैराथन दौड़ के साथ शुभारंभ

▶ गांधी स्टेडियम में प्रधान जिला न्यायाधीश व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शहडोल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काशीनाथ सिंह तथा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह नें गांधी स्टेडियम शहडोल में मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह की थीम न्याय सबके लिए है, न्याय के लिए दौड़, प्रत्येक कदम कानूनी जागरूकता की ओर। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सिंगार, व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खण्ड सीताशरण यादव, व्यवहार न्यायधीश प्रीति सिंह बघेल, व्यवहार न्यायधीश स्वेता यादव, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव अनिल तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अधिवक्ता राजेन्द्र त्रिपाठी, चीफ लीगल एण्ड डिफेंन्स काउन्सलर कुंजबिहारी दुबे, रोटरी क्लब विराट के अध्यक्ष सीएम मोहनी, नरेश सिंघल, एवं रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायोत्सव मैराथन दौड़ गांधी स्टेडियम शहडोल से प्रारंभ होकर गांधी चैराहा होते हुए बुढ़ार रोड गुरूनानक चैक से वापस होकर गांधी स्टेडियम में सम्पन्न हुई। मैराथन दौड़ में न्याय विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शासकीय सेवक, लीगल एवं डिफेन्स काउन्सलर, पैरा लीगल वालेन्टियर, स्वयं सेवी संघठन, विद्यार्थी नगर के युवा नागरिकों, पुलिस कर्मियों, अधिवक्ताओं तथा आम नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रधान जिला न्यायधीश श्री काशीनाथ सिंह ने मैराथन दौड़ के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत 14 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों में जेलों का निरीक्षण सह जागरूकता शिविर, छात्रों को विभिन्न मुद्दे पर कानूनी सलाह, बाल देख रेख संस्थाओं संप्रेक्षण गृह में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को विधिक जानकारी देने महाविद्यालय एवं विद्यालयों में निबंध चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताओं का आयोजन, छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार, पाक्सो एक्ट, यातायात नियमों तथा इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग, की जानकारी देकर आमजन को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 14 नवम्बर को बाइक रैली एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा।

# 30 हजार की स्मैक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** महानगरों में किया जाने वाला नशा अब शहडोल में आसानी से उपलब्ध होने लगा है। पुलिस की नशे के विरूद्ध कार्यवाही में दिनांक 08 नवंबर 2025 को सूचना प्राप्त हुई की रीवा से शहडोल आने वाली बस में संदेही इंटू उर्फ राजेन्द्र सेन नामक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर शहडोल तस्करी करने हेतु आरहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा रीवा से आने वाली बस की घेराबंदी कर बस से उतरते समय संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम इंटू उर्फ राजेन्द्र सेन पिता मथुरा प्रसाद सेन, उम्र 35 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती, शहडोल बताया। आरोपी की तलाशी में उसके कब्जे से 11.50 ग्राम अवैध स्मैक एवं 230 रुपये नगद बरामद किया गया। बरामद स्मैक की कीमत लगभग 30,000 रुपये अनुमानित है ।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक खरीदकर स्थानीय व्यक्तियों को बेचता है। जिसके बाद आरोपी के बताए अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों 1- रहीम खान पिता नियाज खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती शहडोल एवं 2- पुन्नू उर्फ मुन्नू गर्ग पिता तुलसी दास गर्ग, उम्र 36 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती शहडोल को दस्तयाब कर पूछताछ की जिसपर दोनों आरोपियों द्वारा स्मैक खरीद-बिक्री करना स्वीकार किया। उक्त अपराध में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है ।सभी बरामद सामग्री को नियमानुसार जप्त कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

# सचिव पर पंचों ने लगाए वित्तीय अनियमितता के आरोप

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलौड़ी के चार पंचों ने वित्तीय प्रभार सचिव गुमान सिंह बागरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जनपद सीईओ को अपना इस्तीफा भेजा था। जिस पर जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने तत्काल ही जनपद पंचायत से जांच अधिकारी को ग्राम पंचायत सिलौड़ी भेजा।

जांच अधिकारी ने ग्राम पंचायत सिलौड़ी के पंच नितिन राय, पुनीत सेन, श्याम दत्त राय, राजेश राय ने अपने-अपने कथन में वित्तीय प्रभार में सचिव गुमान सिंह बागरी पर पंचों से दुर्व्यवहार करने, पंचों की बैठक नहीं करने, पंचों की अनदेखी करने सहित वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए। आरोपों की जांच की जा रही है।